**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## पंतनगर में देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

पंतनगर। 16 अगस्त 2023। विश्वविद्यालय में देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा तराई भवन एवं गांधी पार्क में ध्वजारोहण किया गया तथा शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को देश की सेवा के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया जिनके बलिदानों की नींव पर हमारा भारत स्वतंत्र रूप से खड़ा है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में डा. चौहान ने पूर्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को याद किया और कहा कि उनके अथक प्रयास से ही हम विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान दिला पाये हैं।

उन्होंने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गत 2 वर्षों से लम्बित एक्रीडेशन का कार्य को पूर्ण कराया गया। 6 से 7 वर्षों से शोध एवं प्रसार सलाहकार समितियों की बैठके नहीं हुई थी, को सम्पन्न कराया गया। पिछले दो वर्षों से विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करने हेतु 34वें दीक्षांत समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन कर 2503 उपाधियां दी गईं। विश्वविद्यालय में सड़को का नवीनीकरण एवं चौड़ीकरण का कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक रेडियो पन्तनगर जनवाणी के कार्यक्रम 'दादी मां का बटुआ' को 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियों पुरस्कार (तृतीय) से सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के 32 छात्रों ने नाहेप परियोजना के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (ईरी), फिलिपिंस में एक माह के लिए तथा 7 छात्रों द्वारा वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में भ्रमण हेतु भेजा गया है। रामनगर (नैनीताल) में जी–20 की चीफ साइंस एडवाइजर्स राउंडटेबल (सीएसएआर) बैठक में विभिन्न देशों के कुल 51 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें उनके द्वारा वन हैल्थ के बारे में बताया, जिसकी उनके द्वारा सराहना भी की गयी। विश्वविद्यालय की 200 एकड़ बंजर भूमि पर विश्वविद्यालय एवं सेन्चुरी पल्प एण्ड पेपर, लालकुआं के मध्य एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुआ है, जिससे विश्वविद्यालय की आय होगी। उन्होंने बताया कि हरेला पर्व के अवसर पर हरेला पार्क में विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जी वृक्षों को लगाया गया जिसका लाभ परिसरवासियों को मिलेगा। विश्वविद्यालय द्वारा जो भी नयी तकनीकी विकसित की जाती है वह किसानों तक पहुंचाई जाति है। कृषि विज्ञान केन्द्रों की कृषि तकनीकी को किसानों तक पहुचाने में बड़ी भूमिका रही है। विश्वविद्यालय की दो छात्राओं का चयन आईएएस परीक्षा में हुआ है। महामहिम राज्यपाल के निर्देश पर आईएएस में जाने वाले विद्यार्थियों को सपोर्ट देने हेतु सुपर 39 सेंटर की स्थापना की गयी है। अपने सम्बोधन में कुलपति ने सभी इकाईयों की उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी तथा कहा कि विश्वविद्यालय के सभी कार्मिक अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण का समापन तीन बार 'जय हिन्द' के नारे के साथ किया, जिसको उपस्थित जनों ने पूरे उत्साह के साथ दोहराया।




*विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को सम्बोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।*